an>

Title: Need to construct permanent school building for Jawahar Navodaya Vidyalaya in Japola subdivision in Palamu Parliamentary Constituency in Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : अध्यक्ष महोदया, देश में ऐसे अनेक जवाहर नवोदय विद्यालय हैं, जिनका अपना कोई स्थाई भवन नहीं है।...(व्यवधान) हमारे संसदीय क्षेत्र पलामू के जपला सब्डिविजन में भी ऐसा ही एक जवाहर नवोदय विद्यालय है, जिसका कोई स्थाई भवन नहीं है।...(व्यवधान) उसके स्थाई भवन के निर्माण के लिए जमीन का रजिस्ट्रेशन 30 अगस्त, 2010 को ही हो गया है, परन्तु उस पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है,...(व्यवधान) जिसके कारण अभिभावकों को विद्यार्थियों की सुरक्षा की चिंता बनी रहती है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि इस ओर सरकार अपना ध्यान आकृष्ट करे और जवाहर नवोदय विद्यालय का कंस्ट्रक्शन कार्य शुरू करे...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विष्णु दयाल राम द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।